# फ्लू-क्यूरड वर्जीनिया (FCV) तंबाकू उत्पादकों हेतु पहल

**स्रोत: पी.आई. बी**

**फ्लू क्यूरड वर्जीनिया (Flue-cured Virginia- FCV)** तंबाकू का उत्पादन भारत में मुख्य रूप से 2 राज्यों, **आंध्र प्रदेश और कर्नाटक** में किया जाता है। वर्तमान में आंध्र प्रदेश में इस फसल का सीज़न है।

- मिचौंग चक्रवात के कारण आंध्र प्रदेश में भारी बारिश हुई, जिससे कई ज़िलों में FCV तंबाकू की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई।
  - इस पृष्ठभूमि में भारत सरकार ने आंध्र प्रदेश में FCV तंबाकू उत्पादकों के लिये **तंबाकू बोर्ड** के **उत्पादक कल्याण कोष** से 10,000 रुपए के **ब्याज मुक्त ऋण** को मंज़ूरी दे दी है।
- **फ्लू क्यूरड वर्जीनिया (FCV) तंबाकू:**
  - FCV तंबाकू एक महत्त्वपूर्ण **व्यावसायिक फसल है** जो **खरीफ के दौरान** मुख्य रूप से **लाल रेतीली दोमट मिट्टी पर वर्षा आधारित फसल** के रूप में उगाई जाती है।
  - कर्नाटक हल्की मिट्टी में उगाए जाने वाले FCV तंबाकू को **'मैसूर शैली तंबाकू'** के रूप में जाना जाता है।
    - **वांछित पत्ती (Desired Leaf) के गुणों को प्राप्त करने** और नमी को हटाने के लिये **प्रक्रिया को मानकीकृत** करके उपचारित तंबाकू को बाज़ार के लिये तैयार किया जाता है।
- **भारत** 15 राज्यों में **दस अलग-अलग प्रकार के तंबाकू** का उत्पादन करता है, जिसमें सिगरेट (FCV, बर्ली, ओरिएंटल) और गैर-सिगरेट प्रकार (बीड़ी, चर्वण, हुक्का और सिगार) शामिल हैं, जो **इसे विश्व का दूसरा सबसे बड़ा तंबाकू उत्पादक तथा निर्यातक** बनाता है।

**और पढ़ें:** तंबाकू की खेती और खाद्य असुरक्षा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/initiative-for-flue-cured-virginia-fcv-tobacco-farmers